(ग) इन-स्पेस को गैर सरकारी निजी कंपनियों (एन जी पी ई) को अंतरिक्ष संबंधी क्रियाकलाप हेतु प्राधिकृत करने के लिए 13 आवेदन और अंतरिक्ष विभाग की प्रौद्योगिकी एवं सुविधाओं की एन जी पी ई के साथ हिस्सेदारी के लिए 15 आवेदन प्राप्त हुए तथा उन आवेदनों को आगे की कार्रवाई हेतु प्रोसेस किया जा रहा है।

(घ) गैर-सरकारी निजी कंपनियों के सभी प्रस्ताव अनुमोदन के विविध चरणों में हैं। जिन गैर-सरकारी निजी कंपनियों ने आवेदन दिए हैं वे प्रमोचक राकेटों के निर्माण एवं प्रक्षेपण, उपग्रहों के निर्माण, स्वामित्व तथा प्रचालन के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, जोकि उपग्रह आधारित सेवाएं प्रदान करते हैं, भू-खंडों की स्थापना करते हैं, अनुसंधान में भागीदारी करते हैं और मिशन सेवाएं प्रदान करते हैं।

***